मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

मुंबई
वर्षः 7 अंक 209
शुक्रवार, 14 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## वक्फ बिल रिपोर्ट राज्यसभा में पेश, विपक्ष का हंगामा

**नई दिल्ली, 13 फरवरी।** कांग्रेस पार्टी के स्थगन प्रस्ताव और वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट के बाद बढ़े नाटक के बीच संसद के बजट सत्र की पहली बैठक गुरुवार को समाप्त होगी। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश की गई, जिसके बाद विपक्षी दलों का भारी हंगामा देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि मैंने विपक्ष द्वारा उठाई गई चिंताओं की जाँच की है। रिपोर्ट में कोई विलोपन या निष्कासन नहीं है। सब कुछ सदन के पटल पर है। ऐसा मुद्दा किस आधार पर उठाया जा सकता है?



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के सदस्य अनावश्यक मुद्दा बना रहे हैं, जो तथ्य नहीं है। आरोप झूठा है। जेपीसी ने पूरी कार्यवाही नियमानुसार की। जेपीसी के सभी विपक्षी सदस्यों ने पिछले 6 महीनों में सभी कार्यवाही में भाग लिया। सभी असहमति नोट रिपोर्ट के परिशिष्ट में संलग्न हैं। वे सदन को गुमराह नहीं कर सकते। वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट पर चर्चा के बीच विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जेपीसी की रिपोर्ट में कई सदस्यों की असहमति रिपोर्ट है। उन नोटों को हटाना और हमारे विचारों को कुचलना सही नहीं है। यह लोकतंत्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि मैं असहमति रिपोर्ट को हटाकर पेश की गई किसी भी रिपोर्ट की निंदा करता हूं। हम ऐसी फर्जी रिपोर्टों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि रिपोर्ट में असहमति के विचार नहीं हैं, तो इसे वापस भेजा जाना चाहिए और फिर से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

सुबह सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की। रिपोर्ट पेश होते ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दल सहित कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे सदस्य आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह राष्ट्रपति का एक संदेश सदन में पेश करना चाहते हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन में व्यवस्था बनाने की अपील की। हालांकि, इसके बावजूद हंगामा जारी रहा।

## मेरे रहते बिहार में भाजपा नहीं बना सकती सरकार : लालू प्रसाद यादव

**पटना, 13 फरवरी।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव ने दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों के बिहार में महत्व को खारिज करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पास राज्य में सरकार बनाने की कोई संभावना नहीं है। यादव ने कहा कि जनता अब भाजपा की स्थिति को पहचान गयी है। दिल्ली चुनाव के नतीजे और उसके बिहार पर प्रभाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वे सरकार कैसे बना सकते हैं? क्या हमारे रहते हुए भाजपा सरकार बना सकती है? लोगों ने अब भाजपा को पहचान लिया है।



भाजपा ने ऐतिहासिक जीत में 48 सीटें हासिल कीं, जिससे 27 साल बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में उसकी वापसी हुई और आम आदमी पार्टी (आप) के एक दशक से अधिक लंबे शासन का अंत हुआ। AAP ने 2020 के विधानसभा चुनावों में 62 से कम, केवल 22 सीटें जीतीं, जबकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार एक भी सीट जीतने में विफल रही। इसके बावजूद, एनडीए के कई नेताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि गठबंधन इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में दिल्ली की तुलना में और भी बेहतर प्रदर्शन करेगा।

इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में उसके शासनकाल में लोग शाम के बाद घर से बाहर निकलने से डरते थे। जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख ने संत रविदास जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए अपने चिरप्रतिद्वंद्वी लालू प्रसाद यादव की पार्टी पर निशाना साधते हुए यह बात कही। नीतीश ने किसी का नाम लिए बिना ही विपक्षी दलों परनिशाना साधा और अपने मौजूदा सहयोगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तारीफ की।

## दिल्ली की अदालत ने आप नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से किया इनकार

**नई दिल्ली, 13 फरवरी।** दिल्ली की एक अदालत ने मतदान केंद्र पर दुर्व्यवहार के मामले में आम आदमी पार्टी के नेता सोमनाथ भारती के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया है।



अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने मंगलवार को कहा कि मतदान केंद्र पर सेलफोन ले जाना या वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी करना अपराध माना जाएगा, अगर इससे मतदान की गोपनीयता से समझौता होता है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, भारती ने 25 मई, 2024 को अपने सहयोगियों के साथ मतदान क्षेत्र में प्रवेश किया और मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करने के अलावा मतदान एजेंटों के सामान की तलाशी ली।

इसने आरोप लगाया कि उन्हें हटाए जाने के बाद वे मतदान केंद्र पर वापस आ गए, जो कानून के तहत दंडनीय है। अदालत ने कहा, अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किया गया वीडियो (आरोपी व्यक्तियों द्वारा कथित रूप से रिकॉर्ड किया गया) मतदान केंद्र का नहीं बल्कि मतदान परिसर का है। वीडियो में कोई भी ईवीएम नहीं दिखाई दे रही है। इसलिए, उपरोक्त वीडियो के आधार पर आरोपी व्यक्तियों को आपराधिक रूप से उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता। इसने कहा, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 132 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद नहीं है। आरोप पत्र से कोई अन्य अपराध नहीं बनता है। तदनुसार, वर्तमान मामले में संज्ञान लेने से इनकार किया जाता है।

## कुछ लोग देश को तोड़ने की कोशिश में लगे हैंः जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, 13 फरवरी।** वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 पर संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई और बाद में विपक्ष के भारी विरोध के बीच राज्यसभा ने इसे स्वीकार कर लिया। हालांकि, इसको लेकर विपक्ष का हंगामा जारी है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष फर्जी रिपोर्टोंर को स्वीकार नहीं करेगा जो हमारे विचारों को कमजोर करती हैं। कांग्रेस प्रमुख ने मांग की कि रिपोर्ट को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को वापस भेजा जाए और दोबारा पेश किया जाए।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष पर पलटवार किया है। उन्होंने कांग्रेस पर देश विरोधी तत्वों का समर्थन करने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि आज प्रातः से आपने (सभापति जी ने) विपक्ष को पूरा मौका दिया है और ये चाहा कि उनके सारी चिंताओं पर यहां चर्चा हो। लेकिन, विपक्ष का उद्देश्य चर्चा करना नहीं, बल्कि राजनीतिक दृष्टि से अपना अंक स्कोर करना है। संसदीय कार्य मंत्री ने सदन को बताया है कि रिपोर्ट से कोई भी बात हटाई नहीं गई है। फिर भी विपक्ष ने बहुत गैर जिम्मेदाराना व्यवहार किया है, ये तुष्टिकरण की राजनीति है।



उन्होंने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं और जो लोग देश को खंडित करने का काम कर रहे हैं, कांग्रेस और विपक्ष उनके हाथ मजबूत करने का काम कर रहे हैं। बह सदन की कार्यवाही आरंभ होने के कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मेधा विश्राम कुलकर्णी ने समिति की रिपोर्ट सदन में पेश की। रिपोर्ट पेश होते ही कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और वामपंथी दल सहित कुछ अन्य दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा कर रहे सदस्य आसन के निकट आ गए और नारेबाजी करने लगे।

हंगामे के बीच ही सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि वह राष्ट्रपति का एक संदेश सदन में पेश करना चाहते हैं। उन्होंने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने स्थानों पर लौट जाने और सदन में व्यवस्था बनाने की अपील की। हालांकि, इसके बावजूद हंगामा जारी रहा। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कुछ कहना चाहते थे लेकिन सभापति ने इसकी अनुमति नहीं दी। धनखड़ ने कहा कि भारत की प्रथम नागरिक और राष्ट्रपति पद पर आसीन पहली आदिवासी महिला का संदेश है यह और इसे सदन में पेश न होने देना उनका अपमान होगा।

## एमएसपी को लेकर राकेश टिकैत ने किया देशव्यापी आंदोलन का आह्वान

**आगरा, 13 फरवरी।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आगरा में निजी बिजली कंपनियों पर 40 लाख रुपये तक का बकाया बिजली बिल भेजकर किसानों को लूटने का आरोप लगाया। एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार से इन बिलों को माफ करने का आग्रह किया और मांग पूरी नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। टिकैत ने आलू के लिए कोल्ड स्टोरेज किराए में बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे किसानों पर बोझ पड़ रहा है।



टिकैत ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून से आगरा और आसपास के क्षेत्रों में आलू और सरसों किसानों को फायदा होगा। उन्होंने सरकार की भूमि अधिग्रहण नीति पर सवाल उठाया।

उन्होंने कहा कि अधिकारी सर्किल रेट बढ़ाए बिना जमीन का अधिग्रहण कर रहे हैं, जिसे वह अनुचित मानते हैं। इसके अलावा राकेश टिकैत ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन का आह्वान किया। नगरपालिका मैदान में सभा को संबोधित करते हुए टिकैत ने किसानों से अपनी जमीन न बेचने और परिवार के कम से कम एक सदस्य को आंदोलन के लिए तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अगर प्रत्येक परिवार दस दिन आंदोलन के लिए और बीस दिन खेती के लिए समर्पित करता है तो उनकी जमीन सुरक्षित हो जाएगी। टिकैत ने दावा किया कि बिहार में किसानों को उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, ह्यह्यपूरे देश में पॉपकॉर्न के लिए इस्तेमाल होने वाला मक्का बिहार में पैदा होता है, लेकिन वहां के किसानों को केवल 12-14 रुपये प्रति किलो का भाव मिलता है। यही कारण है कि कई किसान बिहार छोड़कर मजदूरी के लिए पलायन कर गए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसान संगठित रहेंगे, तब ही किसान सुरक्षित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार में मंडियों को खत्म करना, इसके लिए जिम्मेदार है और आगाह किया कि एक नई नीति से देशभर में मंडियां धीरे-धीरे बंद हो सकती हैं। टिकैत ने आरोप लगाया, ह्यह्यउनकी योजना मंडी की जमीन को 500 से 1,000 वर्ग मीटर के भूखंडों के तौर पर 99 साल के लिए पट्टे पर देने की है।

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत, कोर्ट ने लगाई गिरफ्तारी पर रोक

**नई दिल्ली, 13 फरवरी।** आप नेता अमानतुल्लाह खान को दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को गिरफ्तारी से पहले जमानत दे दी। दिल्ली पुलिस ने उन पर हत्या के एक मामले के आरोपी को पुलिस से भागने में मदद करने का आरोप लगाया था। अदालत ने उन्हें जांच अधिकारी (आईओ) द्वारा बुलाए जाने पर जांच में शामिल होने का निर्देश दिया। पुलिस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि उससे पूछताछ सीसीटीवी निगरानी में हो। मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी को होनी है। आप विधायक ने बुधवार को नई दर्ज की गई एफआईआर में अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट का रुख किया। खान ने जांच में शामिल होने से पहले सुरक्षा का अनुरोध करते हुए दावा किया था कि उनके खिलाफ आरोप निराधार हैं। पुलिस के मुताबिक, आप विधायक अमानतुल्लाह खान कथित तौर पर आरोपी शावेज खान को बचा रहे थे, जिसे अदालत ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा को ईमेल के जरिए भेजे गए पत्र में अमानतुल्लाह खान ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस उन्हें झूठे मामले में फंसा रही है.खान ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने छापेमारी के दौरान शावेज खान को पकड़ लिया था, लेकिन वह जमानत पर बाहर था और उसने जमानत के दस्तावेज पेश किये थे. हालाँकि, अदालत के रिकॉर्ड से संकेत मिलता है कि चावेज खान को आधिकारिक तौर पर भगोड़ा घोषित कर दिया गया था।









# त्यौहार-संस्कृति एवं जीवन-संस्कारों को धुंधलाने का दौर



-ललित गर्ग

पाश्चात्य अंधानुकरण के कारण हमने न केवल भारतीय त्यौहारों के रंगों को धुंधला दिया है, बल्कि वैलेनटाइन डे जैसे पर्वों को महिमामंडित कर दिया है। भारत के प्रत्येक भू-भाग के अपने त्यौहार हैं, कुछ समान हैं तो कुछ उस भू-भाग की विशिष्टता लिए। परंतु इन्हें भी विकृत करने का व्यापक प्रयास हो रहा है। हमने अपने त्यौहारों को विकृत करने में कोई कमी नहीं रखी है, यही कारण है कि कुछ त्यौहार मद्यपान से जुड़ गए हैं, तो कुछ जुए से, कुछ कीचड़ से सन जाते हैं, तो कुछ लेन-देन के अवसर बन गए हैं। कुछ के साथ अश्लीलता एवं फुहड़ता जुड़ गयी है। इतना ही नहीं हमारी त्यौहारों की समृद्ध परंपरा को धुंधलाने के भी सुनियोजित प्रयास हो रहे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और बड़े व्यावसायिक संस्थान अपने लाभ के लिए देश में ऐसे उत्सवों/पर्वों को स्थापित कर रहे हैं, जिनका हमारी संस्कृति से मेल नहीं है। फेमिली डे, मदर डे, फादर डे, वैलेनटाइन डे-ऐसे आधुनिक पर्व हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियाँ एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया महिमामंडित कर रहे हैं। अपने आपको आधुनिक कहने वाले परिवारों एवं लोगों के लिए दीपावली, होली, रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्वों की तुलना में ये आधुनिक पर्व ज्यादा महत्त्वपूर्ण एवं प्रासंगिक हैं। आखिर क्यों? हम अपने ही देश एवं अपनी संस्कृति के बीच बेगाने क्यों बने हुए हैं? अपने त्यौहारों की समृद्ध परम्परा को क्यों कमजोर कर रहे हैं?

भारतीय संस्कृति इसलिये अनूठी एवं विलक्षण है क्योंकि यह मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की अनुकरणीय और लीलाधर श्रीकृष्ण की अनुसरणीय शिक्षाओं की साक्षी है। हमारी संस्कृति ने न केवल भारत को, बल्कि सभी को अपना परिवार माना है। तभी यहां आज भी ह्यवसुधैव कुटुंबकम का मूल मंत्र दोहराया जाता है। पाश्चात्य देशों की बात करें, तो उसने दुनिया को केवल बाजार माना है। हमारी सनातन संस्कृति में रचे-बसे लोग इतने उदार हैं कि हमने सदैव अन्य देशों की संस्कृतियों का दोनों बाहें फैलाकर स्वागत किया है। पर्व, व्रत, त्योहार एवं उत्सव सामाजिक सरोकार के अद्भुत संगम एवं



समन्वय के मूर्त रूप हैं। यदि हम असामाजिक, संवेदनशून्य, उपभेक्तावादी एवं पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण करने की दिशा में अग्रसर रहेंगे तो हमारी यह मूल्यवान- संस्कृति जड़ बनकर पतनोन्मुख हो सकती है। हजारों-हजारों साल से जिस प्रकृति ने भारतीय मन को आकार दिया था, उसे रचा था, भारतीयता की एक अलग छवि का निर्माण हुआ, यहां के इंसानों की इंसानियत ने दुनिया को आकर्षित किया, संस्कृति एवं संस्कारों, जीवन-मूल्यों की एक नई पहचान बनी। ऐसा क्या हुआ कि आजादी के बाद उसके साथ कुछ गलत हुआ है, और वह गलत दिनोंदिन गहराता गया है जिससे सारा माहौल ही प्रदूषित हो गया है, जीवन के सारे रंग ही फिके पड़ गये हैं, हम अपने ही भीतर की हरियाली से वंचित हो गए लोग हैं। न कहीं आपसी विश्वास रहा, न किसी का परस्पर प्यार। न सहयोग की उदात्त भावना रही, न संघर्ष में सामूहिकता का स्वर, बिखराव की भीड़ में न किसी ने हाथ थामा, न किसी ने आग्रह की पकड़ छोड़ी। यूं लगता है सब कुछ खोकर विभक्त मन अकेला खड़ा है फिर से सब कुछ पाने की आशा में। क्या यह प्रतीक्षा झूठी है? क्या यह अगवानी अर्थशून्य है?

विदेशों की उपभोक्ता संस्कृति की अंधी नकल ने हमारी जीवनशैली, परिवार परम्परा, त्यौहार, खानपान, विचार आदि को दूषित किया है। बच्चे अच्छे से अच्छे शरबत की अपेक्षा कोल्ड डिंक्स में अधिक रुचि रखते हैं। वाह! क्या आकर्षण है इन पेयों का और इन अंग्रेजी नामों का। मेकडोनाल्ड बच्चों के सिर चढ़कर बोल रहा है, पिज्जा, नूडल्स, चाउमीन ये सब आधुनिक खान-पान है। यह सब हमारी बदली मानसिकता का द्योतक है। दावतों एवं प्रीतिभोज में बुफे संस्कृति भी खूब चल पड़ी है। भारतीय परिस्थितियों में यह पूर्णतः गिद्ध भोज दिखाई देता है। पहनावे की तो बात ही न पूछो। क्या सोशल मीडिया शरीर पर न्यूनतम कपड़ों को दिखाने की होड़ में नहीं लगा हैं? हमने क्यों अपनाया टाइट जीन्स, मिनी स्कर्ट तथा हॉट पेंट्स को। क्या साड़ी-ब्लाउज, सलवार कुर्ता, काँचली-कुर्ती, ओढ़नी-घाघरा कम आकर्षक हैं? हम क्यों माता-पिता की छवि को आहत करते हुए उन पर अश्लील टिप्पणियां करते हुए स्वयं को आधुनिक मानते हैं? यह संस्कृति एवं संस्कारों को धुंधलाना नहीं है तो क्या है? परिवार वह इकाई है, जहाँ एक ही छत के नीचे, एक ही दीवार के सहारे, अनेक व्यक्ति आपसी विश्वास के बरगद की छाँव और सेवा, सहकार और सहानुभूति के घेरे में निश्चित रहते हैं। परिवार वह नीड़ है, जो दिन-भर से थके-हारे पंछी को विश्राम देता है। लेकिन मियाँ, बीवी व बच्चों की इकाई ही आज परिवार है, इस एकल परिवार संस्कृति वाले दौर में माँ-बाप, भाई-बहन की बात करना बेमानी लगता है। परंतु लगता है जहाँ पति-पत्नी दोनों ही अथोर्पार्जन के लिए नौकरी या व्यवसाय करते हैं, उन्हें संयुक्त परिवार और कम से कम माता-पिता या किसी बुजुर्ग की याद आने लगती है। हाँ बेबी सिटर, आया या क्रेच भी यह काम कर लेगा, परंतु परिवार की गरमाहट तो वह दे नहीं सकता। स्वस्थ परिवारों एवं भारतीय संस्कृति की संस्कार-सुरभि ही समाज और राष्ट्र की काया को स्वस्थ/प्रफुल्ल रख सकती है। और इसी से बिखरते संयुक्त परिवार एवं जीवन मूल्यों को बचाया जा सकता है।

देश को अपनी खोयी प्रतिष्ठा पानी है, उन्नत चरित्र बनाना है, स्वस्थ समाज की रचना करनी है और समृद्ध संस्कृति को ऊच्च शिखर देने हैं तो हमें एक ऐसी जीवनशैली को स्वीकार करना होगा जो जीवन में पवित्रता दे। राष्ट्रीय प्रेम व स्वस्थ समाज की रचना की दृष्टि दे। कदाचार के इस अंधेरे कुएँ से निकले। बिना इसके देश का विकास और भौतिक उपलब्धियां बेमानी हैं। व्यक्ति, परिवार और राष्ट्रीय स्तर पर हमारे इरादों की शुद्धता महत्व रखती है, हमें खोज सुख की नहीं सत्व की करनी है क्योंकि सुख ने सुविधा दी और सुविधा से शोषण जनमा जबकि सत्व में शांति के लिये संघर्ष है और संघर्ष सचाई तक पहुंचने की तैयारी। हमें स्वयं की पहचान चाहिए और सारे विशेषणों से हटकर इंसान बने रहने का हक चाहिए। इस खोए अर्थ की तलाश करनी ही होगी। उपभोक्ता बनकर नहीं मनुष्य बनकर जीना नए सिरे से सीखना ही होगा। संस्कृति और मूल्यों के नष्ट अध्यायों को न सिर्फ पढ़ना-गढ़ना होगा, बल्कि उन्हें नया रूप और नया अर्थ भी देना होगा। एक नई यात्रा शुरू करनी होगी। इसके लिये हमारे पर्वों एवं त्यौहारों की विशेष सार्थकता है। श्रीकृष्ण ने कहा है- जीवन एक उत्सव है। उनके इस कथन पर भारतीयों का पूर्ण विश्वास है। हम जीवन के हर दिन को उत्सव की तरह जीते हैं, ढेरों विसंगतियों और विद्रूपताओं से जूझते हुए। संकट में होशमंद रहने और हर मुसीबत के बाद उठ खड़े होने का जज्बा विशुद्ध भारतीय है और ऋतु-राग गुनगुनाते हुए अलग-अलग मौसम में उत्सव मनाने का भी। यही वजह है कि हम गर्व से कहते हैं- फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी... पर इस सच से इनकार नहीं किया जा सकता कि बदलती दुनिया के असर से उत्सवधर्मिता का जज्बा काफी प्रभावित हो रहा है। सबसे ज्यादा हमारे पर्व और त्यौहार की संस्कृति ही धुंधली हुई है। खेद की बात है कि हमने पश्चिम की श्रेष्ठ परम्पराओं को आत्मसात नहीं किया, बल्कि उसके उपभोक्तावाद एवं अपसंस्कृति के शिकार बने।

हमें भारतीय पर्व और त्यौहार की संस्कृति को समृद्ध बनाना होगा। प्रयागराज का महाकुंभ ऐसी ही समृद्धि ला रहा है। वहां भोर का उगता सूरज, बल खाती नदी, दूर तक फैला मैदान, सिंदूरी शाम, दूर से आती ढोलक की थाप, पीछे छूटती दृश्यावलियां... हमारे भीतर रच-बस जाती हैं। यही सब जीवन की संपदाएं हैं, हमारे अंतर में जगमगाती-कौंधती रोशनियां हैं, जिनकी आभा में हम उस सब को पहचान पाते हैं जो जीवन है, जो हमारी पहचान के मानक हैं, जो हमारी संस्कृति है। हम भारत के लोग इसलिए विशिष्ट नहीं हैं कि हम ह्यजगतगुरुह्ण रहे हैं, या हम महान आध्यात्मिक अतीत रखते हैं। हम विशिष्ट इसलिए हैं कि हमारे पास मानवता के सबसे प्राचीन और गहरे अनुभव हैं। ये अनुभव सिर्फ इतिहास और संस्कृति के अनुभव नहीं हैं, इसमें नदियों का प्रवाह, बदलते मौसमों की खुशबू, विविध त्यौहारों की सांस्कृतिक आभा और प्रकृति का विराट लीला-संसार समाया हुआ है।

# क्या यह विश्वास किया जा सकता है कि इस सप्ताह की ट्रम्प-मोदी बैठक भी फलदायी होगी?



अशोक भाटिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस हफ्ते होने वाली वार्ता दोनों देशों के बीच कूटनीतिक इतिहास की परीक्षा होगी। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत एक परिचित नेता के साथ काम कर रहा है, जिसने अमेरिका को अज्ञात क्षेत्र में ले लिया है, और राष्ट्रपति ट्रम्प, जिनके पहले कार्यकाल में भारत ने नमस्ते किया था, पिछले महीने में उनकी नीतियों में अंतर है।

मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पिछले एक दशक में कई कठिन वाताओं को रोक दिया है, यह विश्वास करने के लिए जगह है कि इस सप्ताह की ट्रम्प-मोदी बैठक भी फलदायी होगी। भारत ने पिछले कुछ हफ्तों में कुछ कूटनीतिक कदम भी उठाए हैं झ मोदी और ट्रम्प के बीच टेलीफोन पर बातचीत, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।और इसमें नए अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ और जयशंकर की विदेश मंत्री मार्को रुबियो और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज के साथ टेलीफोन कॉल शामिल हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के नए प्रशासन के पहले महीने में अमेरिका जा रहे हैं। अभी तक भारत-अमेरिका संबंध अच्छे बताए जाते रहे हैं, लेकिन इस हफ्ते क्या होता है, इसे लेकर उत्सुकता की वजह भी है। जयशंकर ने कहा कि ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में भारतीय कूटनीति की जो कसौटी ली है, वह 'पाठ्यक्रम से बाहर' है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी के इस दौरे के दौरान एक मुख्य मुद्दा भारतीय निर्वासितों के साथ अमानवीय व्यवहार का हो सकता है। अमेरिका से हाल ही में 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों के पहले जत्थे को हथकड़ियां डालकर भारत वापस भेजा गया है। भारत में अपने नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार पर भारी गुस्सा देखा गया है। भारतीयों को जंजीरों में बांधकर भेजे जाने के मामले में नरेंद्र मोदी सरकार की विपक्ष ने काफी आलोचना भी की थी। हालांकि, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इसको लेकर सरकार की तरफ से पक्ष भी रखा था, लेकिन अमानवीय व्यवहार की पूरे देश में निंदा हुई। ऐसे में पीएम मोदी इस मद्दे को ट्रंप के सामने उठा सकते हैं।

डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से अमेरिका व्यापार शुल्क पर काफी आक्रामक हैं। ट्रंप ने कई देशों पर टैरिफ लगाए हैं और भारत के लिए भी सख्ती के संकेत दिए हैं। ट्रंप ने हाल ही में एल्युमीनियम और स्टील के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ का ऐलान किया है। भारतीय कंपनियां घरेलू स्टील की कीमतों पर इसके प्रभाव और अमेरिकी स्टील बाजार में जोखिम को लेकर चिंतित हैं। भारत ने नरेंद्र मोदी की यात्रा से पहले हाईएंड मोटरसाइकिलों और इलेक्ट्रिक बैटरियों पर शुल्क घटाए हैं। ऐसे में उम्मीद है कि इस मुद्दे पर दोनों पक्ष व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ बातचीत कर सकते हैं। ट्रंप और नरेंद्र मोदी की बैठक में रक्षा उपकरणों पर खर्च बढ़ाने और नए सौदों की घोषणा होने की उम्मीद है। भारतीय अधिकारियों ने घरेलू कंपनियों के अमेरिकी ऊर्जा आपूर्ति, विशेष रूप से तरलीकृत प्राकृतिक गैस की खरीद बढ़ाने के लिए संपर्क में होने की बात कही है। इस क्षेत्र में भी कोई ऐलान सुनने को मिल सकता है। यह रास्ता वास्तव में, पिछले 25 वर्षों में भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच संबंधों का निर्माण है। मार्च 2000 में जब से बिल क्लिंटन ने भारत का दौरा किया, भारत-अमेरिका संबंध बढ़ रहे हैं, तब भी जब दुनिया को इसकी उम्मीद नहीं थी।लेकिन दोनों देश इसे अलग रखने में कामयाब रहे और इसके बजाय सहयोग के अवसरों को सकारात्मक रूप से देखते हैं। आकार और जनसंख्या में बड़े देशों के हित अनेक हो सकते हैं, इसलिए ऐसे दोनों देशों के बीच मतभेद होने की संभावना भी है, लेकिन सहयोग का पुल पिछले 25 वर्षों में बना है, लेकिन वर्तमान ट्रम्प प्रशासन सिर्फ पिछले 25 वर्षों के राष्ट्रपति नहीं हैं। कुल मिलाकर, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा अपनाई गई स्थितियों की अवहेलना करने वाली नीतियां घर पर और अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भी लागू की जा रही हैं। ₹अमेरिका फर्स्ट₹ ट्रम्प का राजनीतिक जीवन हित है। इसके बाद आने वाली नीतियों को दूसरे कार्यकाल के पहले कुछ दिनों में अधिक सख्ती से लागू किया जा रहा है। उनकी घरेलू कार्य योजना सरकारी मशीनरी को कम करना, तकनीकी क्षेत्र पर प्रतिबंध हटाना, अमेरिकी मिट्टी पर उत्पादक उद्योगों को पुनर्जीवित करना, आव्रजन पर अंकुश लगाना, देश की सीमाओं पर खुलेपन को नष्ट करना और उदारवाद के पंखों को काटना और ₹वोक₹ (फुरोगामी!) आग्रह को पटरी से उतारना है।हम वैश्विकता की विचारधारा को पराजित करना चाहते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रम्प को लगता है कि एक ही विचारधारा ने अमेरिकियों को व्यापार घाटे, आव्रजन, और अनावश्यक सैन्य अभियानों से जीवन और वित्त के नुकसान के बोझ के साथ बोझ डाला है।

ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' विचारधारा और इस पर आधारित वैश्विक नजरिए को समझना- इसके कई विरोधाभासों से निपटना- इस हफ्ते भारत के सामने कूटनीतिक चुनौती का हिस्सा है; लेकिन चुनौती का दूसरा हिस्सा अपने राजनयिक कौशल को दिखाना है, यह पहचानते हुए कि ट्रम्प, जो आक्रामक शैली में बातचीत करते हैं, एक ₹सौदा₹ करने के लिए उत्सुक हैं - वार्ता को फलदायी बनाने के लिए।

अब तक बहुत आलोचना हुई है कि ट्रम्प का दृष्टिकोण बहुत व्यावहारिक है, कि उनकी कोई वैचारिक जड़ें नहीं हैं। लेकिन क्या ऐसा भारत के हित में नहीं हो सकता? आप जो देखते हैं वही आपको मिलता है और इसमें भ्रमित करने वाली वैचारिक बयानबाजी नहीं होती है। मोदी भी कम व्यावहारिक नहीं हैं। उन्होंने और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने अतीत में भारतीय विदेश नीति में कई मोड़ और मोड़ दिखाए हैं और राष्ट्रीय हितों के आधार पर सौदे करने की क्षमता दिखाई है।

इसलिए हमें इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि ये दोनों नेता वाशिंगटन में क्या कहेंगे और क्या फैसला करेंगे। जैसे ही वे भारत से रवाना हुए, पहले फ्रांस और फिर संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए, मोदी ने घोषणा की थी कि वह पांच प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगेः व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला। राष्ट्रपति ट्रम्प मोदी की प्रशंसा करते हैं, लेकिन ट्रम्प भारत द्वारा लगाए गए उच्च आयात करों की आलोचना करते हैं, इसलिए यह एक अच्छा संकेत है कि भारत को ट्रम्प-मोदी बैठक से पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए इन आयात करों को कम करने की इच्छा दिखानी चाहिए। हम द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को पूरा करेंगे जो इस साल ट्रम्प के पहले कार्यकाल के दौरान अधूरी थी। भारत यही करने को तैयार है। लेकिन अपने दूसरे कार्यकाल में, ट्रम्प की उम्मीदों और व्यापार साझेदारी के लिए उनकी मांगों में काफी वृद्धि हुई है। ऊर्जा क्षेत्र में, भारत पेट्रोलियम उत्पादों या खनिज ईंधन का एक प्रमुख आयातक है और अमेरिका एक प्रमुख उत्पादक और निर्यातक है, जहां अधिक सहयोग की गुंजाइश है। ट्रम्प संयुक्त राज्य अमेरिका के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) उद्योग को बढ़ावा देने के लिए परमाणु ऊर्जा के उत्पादन को दोगुना करना चाहते हैं और भारत भी तेजी से अपने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। भारत सरकार ने हाल ही में परमाणु हथियार अधिनियम में संशोधन करने के अपने इरादे की घोषणा की (विदेशी कंपनियों पर नुकसान की जिम्मेदारी डालने वाले खंडों को निरस्त करना)। यह है, लेकिन अमेरिका इसे वास्तविकता बनाने के लिए स्पष्ट संकेतों की मांग कर सकता है। रक्षा सहयोग पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका संबंधों के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में उभरा है। ट्रम्प भारत को अधिक अमेरिकी रक्षा उपकरण बेचने के इच्छुक हैं और दिल्ली प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सह-उत्पादन के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियों की तलाश कर रहा है। दिल्ली और वाशिंगटन ने बिडेन प्रशासन के तहत रक्षा-औद्योगिक सहयोग के लिए एक रूपरेखा विकसित की। धीरे-धीरे बढ़ने लगा। पहले चरण पर 2005 में और दूसरे चरण में 2015 में हस्ताक्षर किए गए थे, ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों देश 2025 में इस सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए क्या करेंगे।

संयुक्त राज्य अमेरिका ने लंबे समय से भारत के साथ तकनीकी सहयोग को प्राथमिकता दी है। यह बिडेन प्रशासन के दौरान था कि प्रमुख उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए एक विशेष पहल के रूप में महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी (I-SET) पर पहल स्थापित की गई थी, लेकिन उस समय चीन में अक तकनीक स्वतंत्र रूप से विकसित नहीं हुई थी। अब भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका को चीनी अकपर पूरी तरह से संदेह करने से अधिक करने की आवश्यकता है। प्रौद्योगिकी अमेरिका और चीन के बीच एक प्रतिस्पर्धी क्षेत्र है। ऐसा करने से, भारत को एक ही समय में दो काम करने होंगेः न केवल वाशिंगटन के साथ गुणवत्ता सहयोग बढ़ाने के लिए, बल्कि यह भी सुनिश्चित करने के लिए कि भारत में एआई और अन्य प्रौद्योगिकियों के प्रसार पर अमेरिका का नियंत्रण न हो। ट्रम्प प्रशासन के पहले कार्यकाल के दौरान 'आपूर्ति श्रृंखलाओं को लचीला होना चाहिए' का विचार रखा गया था, क्योंकि यह पता चला था कि COVID-19 महामारी भी इन आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित कर सकती है और सभी प्रकार के सामानों के लिए अकेले चीन पर निर्भरता कम कर सकती है।यह निर्भरता आज भी बढ़ती जा रही है। ट्रंप से बातचीत के अलावा पीएम मोदी इस चुनौती से निपटने के लिए अमेरिकी कॉरपोरेट लीडर्स से भी बातचीत कर सकेंगे। हालांकि, इस मोर्चे पर और अधिक प्रयासों की जरूरत है। अमेरिका के साथ भारत के संबंध ऐसे हैं कि ना तो दोनों पारंपरिक सहयोगी माने जाते हैं और ना ही प्रतिद्वन्द्वी रहे हैं। हालांकि चीन के खिलाफ अमेरिका की कोशिश भारत को करीब लाने की रही है। चीन को अमेरिका एक रणनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखता है तो भारत के भी अपने इस पड़ोसी से रिश्ते सहज नहीं हैं। कई विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रंप चीन को घेरने के लिए भारत की तरफ झुक सकता है। नरेंद्र मोदी के मौजूदा दौरे पर चीन की आक्रामकता से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हो सकती है। बेशक, अकेले कूटनीति ट्रम्प और तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था से निपटने की चुनौती को पूरा नहीं कर सकती है; इसके लिए हमें अपने देश में भी बड़े पैमाने पर सुधारों की आवश्यकता को पहचानते हुए काम करना होगा।

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक



-रमेश सर्राफ धमोरा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में ही भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव में हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया था। इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है।

पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीबन 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ एक मजबूत इंडिया गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीट ही मिल पाई थी। जबकि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा महज 240 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं इंडिया गठबंधन ने 236 सीटे जीती थी। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई थी। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़कर 37 सीटों पर पहुंच गई थी। हालांकि एनडीए गठबंधन में शामिल साथी दलों के सहयोग से भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार केन्द्र में सरकार बनाने में सफल रही। मगर सामान्य बहुमत से दूर रहने के चलते भाजपा का मनोबल काफी कमजोर हो रहा था। वहीं इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी दलों की लोकसभा में संख्या बढ़ने से वह सरकार पर जोरदार हमला कर रहा था। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले ही चुनाव मैदान में उतरी थी। मगर हरियाणा विधानसभा के चुनाव में भाजपा ने 48 सीटे जीतकर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी थी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं का मनोबल भी बढा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार तो बनायी ही इसके साथ ही अब तक की सबसे अधिक 48 सीट जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव परिणाम से भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं है। उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटे जीतकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई। मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटे जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीबन 100 सीट जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए एक नई संजीवनी साबित हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीट ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया।

हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीट जीतकर एक नया इतिहास रचा है। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है।

हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट भी प्राप्त किये है। जो भाजपा का अब तक का सर्वोच्च आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई है। वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर ही सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं।

इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है। उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें से महज नो नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में छह भाजपा के निशान पर व तीन आप पार्टी के निशान पर जीते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद भाजपा के कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज नजर आ रहे हैं। दिल्ली चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओं नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। किरोड़ीलाल मीणा, अनिल विज को नोटिस भी दिल्ली जीत के बाद ही दिया गया है। यदि दिल्ली में भाजपा चुनाव हार जाती तो शायद ही इतना बड़ा कदम उठा पाती। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वही इंडिया गठबंधन में आपसी आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।

# सिर्फ लूटते हैं फर्जी ट्रैवल एजेंट, एजेंसी और वेबसाइट



अवैध आव्रजन तब होता है जब कोई व्यक्ति अपने मूल देश को छोड़कर आव्रजन कानूनों का उल्लंघन करते हुए दूसरे देश में रहने के लिए चला जाता है। यह एक महत्त्वपूर्ण और नाजुक मामला है। अक्सर, बिना नौकरी वाले युवा लोग जो निर्दोष हैं, विदेश में रोजगार पाने की कोशिश में अवैध आव्रजन के जाल में फंस जाते हैं। विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्ति को उसकी पसंद के देश में भेजने के बजाय, अनधिकृत एजेंट और एजेंसियाँ उसे दूसरे देश में भेज देती हैं। सरकार ने लोगों, खासकर युवाओं को चेतावनी दी है कि वे बेईमान अनधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों से सावधान रहें जो उन्हें काम, शिक्षा या अन्य कारणों से विदेश भेजने के लिए झांसा देते हैं। इनमें से कई स्थितियों में, विदेश यात्रा करने वाले व्यक्ति की जान भी जोखिम में होती है। भुगतान करने से पहले, लोगों को उन ट्रैवल एजेंसियों और कंपनियों से संपर्क करना चाहिए जिन्हें सरकार ने विदेश यात्रा करने की अनुमति दी है और उनसे अपने सभी सवाल पूछने चाहिए।

राज्य सरकार द्वारा लोगों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे केवल अधिकृत ट्रैवल एजेंसियों और एजेंटों के माध्यम से ही विदेश यात्रा करें। कई एजेंट जो विदेश में पैसे भेजने का दिखावा करके लोगों को ठगते हैं, अक्सर अपंजीकृत पाए जाते हैं। ये धोखेबाज या बिना मंजूरी वाले एजेंट विभिन्न मीडिया में अपने विज्ञापन पोस्ट और प्रसारित करते हैं, जिससे जनता को धोखा मिलता है और उन्हें अपनी मेहनत की कमाई, संपत्ति, गहने और अन्य संपत्ति से हाथ धोना पड़ता है। पंजाब और हरियाणा में ऐसे मामलों की संख्या तुलनात्मक रूप से अधिक है। यह चिंताजनक है कि पिछले छह वर्षों में, हरियाणा में अवैध अप्रवास के मामलों की संख्या में वार्षिक वृद्धि देखी गई है। इन मामलों में तुलनात्मक रूप से कई ग्रामीण निवासी शामिल हैं। ट्रैवल एजेंसियाँ बेरोजगार लोगों को काम और शिक्षा वीजा पर विदेश यात्रा करने के लिए लुभाने के लिए रोजगार के वादे करती हैं। भुगतान करने और वीजा के लिए आवेदन करने के बाद, व्यक्ति को अक्सर पता चलता है कि उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है। इसके बाद, ट्रैवल एजेंट ₹डंकी रूट ₹ की सलाह देता है। इस प्रक्रिया में शामिल अधिकांश लोगों को सीमा पर रोक लिया जाता है, हिरासत में लिया जाता है और वापस भारत भेज दिया जाता है। ऐसे उदाहरण हैं जहाँ पीड़ितों को उनके रिश्तेदारों द्वारा अवैध रूप से हिरासत में लिया जाता है और उनसे ज्यादा भुगतान करने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके अतिरिक्त, ट्रैवल एजेंट द्वारा फर्जी टिकट और वीजा प्रदान किए जा सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति को हवाई यात्रा से मना किया जा सकता है। लोग कभी-कभी ईमेल आदि के जरिए भेजे गए फर्जी नौकरी के ऑफर और आधिकारिक दिखने वाले दस्तावेजों के जरिए ठगे जाते हैं। इसके अलावा, एजेंट दूसरे देश का वीजा पाने के झूठे बहाने से लोगों को रूस और यूक्रेन जैसे देशों में भेज सकते हैं। लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की आकर्षक छवियों वाली और टूर पैकेज प्रदान करने का दावा करने वाली वेबसाइट कोई भी बना सकता है। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की बदौलत ज्यादा से ज्यादा लोगों से जुड़ सकते हैं। वास्तव में, जब मैंने विभिन्न ट्रैवल एजेंसियों की वेबसाइट देखी तो मुझे यह स्पष्ट हो गया कि उनमें से अधिकांश वेबसाइटें धोखाधड़ी वाली थीं।

उदाहरण के लिए, उनमें से एक के अनुसार, इसकी स्थापना 2020 में हुई थी और यह ₹दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे अनुभवी ट्रैवल कंपनी₹ थी। मैंने बहुत खोजबीन की, लेकिन कंपनी के मालिकों या भागीदारों के नाम नहीं मिल पाए। इसका कोई लैंडलाइन नंबर भी नहीं था। चूंकि इन दिनों इस तरह की धोखाधड़ी आम होती जा रही है, इसलिए ये कुछ चेतावनी संकेत हैं, जिन पर एजेंसी चुनते समय विचार करना चाहिए। यही कारण है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय का ट्रैवल ट्रेड डिवीजन देश में ट्रैवल एजेंसियों को मंजूरी देता है। मेरी राय में, ग्राहकों को मंत्रालय द्वारा अनुमोदित एजेंसियों से संपर्क करना चाहिए। हालाँकि मान्यता कार्यक्रम वैकल्पिक है और केवल कुछ ही व्यवसायों ने भाग लेने का विकल्प चुना है, लेकिन ग्राहकों की पसंद अधिक व्यवसायों को ऐसा करने के लिए प्रेरित कर सकती है। जनता को इन बेईमान ट्रैवल एजेंटों से सावधान रहना चाहिए और बिना उचित जांच-पड़ताल किए किसी भी ट्रैवल एजेंसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए। हर राज्य ने आम जनता की सुविधा के लिए अपनी पुलिस वेबसाइट पर अधिकृत और अनधिकृत ट्रैवल एजेंटों की सूची पोस्ट की है। इसके अलावा, जो कोई भी अभी भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार होता है, उसे तुरंत स्थानीय पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन को सूचित करना चाहिए। न केवल एक व्यक्ति अपनी सारी जमा पूंजी खो सकता है, बल्कि लापरवाही का एक छोटा-सा कार्य भी उसके परिवार के जीवन को खतरे में डाल सकता है। नतीजतन, लोगों को उचित सुरक्षा उपाय करने चाहिए। नागरिकों को इस तरह की धोखाधड़ी वाली आव्रजन गतिविधियों के बारे में पता होना चाहिए, विदेशों में, विशेष रूप से दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में आकर्षक नौकरी के अवसर प्रदान करने वाली ट्रैवल एजेंसियों के झूठे वादों में न फंसना चाहिए, संभावित नियोक्ता की पृष्ठभूमि की पूरी तरह से जांच करनी चाहिए, खासकर जब झूठे बहाने से काम की पेशकश की जाती है, किसी भी अवैध साइबर गतिविधि में शामिल होने से बचना चाहिए और भारतीय दूतावास से संपर्क करना चाहिए। विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित वन-स्टॉप सुविधा केंद्र, ओवरसीज वर्कर्स रिसोर्स सेंटर, काम के लिए विदेश यात्रा करने के इच्छुक व्यक्तियों को आवश्यक सहायता सेवाएँ प्रदान करता है। अपनी मान्यता और निरसन योजना में, मंत्रालय को अनुमोदित सेवा प्रदाताओं के खिलाफ अनुचित व्यापार प्रथाओं और घटिया और लापरवाह सेवाओं की उपभोक्ता शिकायतों को प्राथमिकता देनी चाहिए। अपने पोर्टल पर, इसे ग्राहक शिकायतों के लिए एक अनुभाग भी शामिल करना चाहिए।

-डॉ सत्यवान सौरभ

## अनिल सिंह के जन्मदिन पर समाज की प्रमुख हस्तियों ने दी शुभकामनाएं



**ठाणे (उत्तरशक्ति)।** उद्योगपति और प्रसिद्ध भवन निमार्ता अनिल सिंह के 60वें जन्मदिन के मौके पर ठाणे स्थित ब्लू रूफ क्लब में एक शानदार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के कई प्रमुख लोग उपस्थित हुए और सिंह को उनके जीवन के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर शुभकामनाएं दीं। समारोह में पूर्व गृहराज्य मंत्री कृपाशंकर सिंह, पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली, शिवसेना युवा नेता विक्रम प्रताप सिंह, समाजसेवक राज सिंह, पत्रकार अविनाश पांडेय, पत्रकार अनिल शुक्ला और मुंबई के कई प्रमुख नेता और उद्योगपति मौजूद रहे। सभी ने अनिल सिंह के समर्पण, सफलता और समाज में उनके योगदान की सराहना की। इस आयोजन ने ठाणे और मुंबई क्षेत्र के विकास में उनके योगदान को और भी स्पष्ट किया।

समारोह में अनिल सिंह ने कहा कि यह सभी का प्यार है जो इस उम्र के इस पड़ाव पर आकर इस आयोजन के माध्यम से हमें अपना आशीर्वाद दे रहे हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि आगे भी हम ऐसे ही सामाजिक कार्यों को करते रहें और हमारी एकता, अखंडता और भाईचारे के लिए सदा आगे बढ़कर काम करते हुए नई उपलब्धियां हासिल करें।

## पद्मश्री भाऊसाहेब वर्तक मेधावी शिक्षा सेवक लिपिक पुरस्कार से सुरेश चोघला सम्मानित




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** वरिष्ठ लाइब्रेरियन क्लर्क पद्म श्री भाऊसाहेब वर्तक के जन्मदिन यानी कृतज्ञता दिवस पर पालघर जिले के अगाशी विरार अरनाला एजुकेशन इंस्टीट्यूट के.जी. हाई स्कूल के लाइब्रेरियन सुरेश गनु चोघला को संस्थान की स्कूल समिति अध्यक्षा श्रीमती, विद्यामंदिर विरार स्कूल के प्राचार्य प्रवीण बागोर, सेवक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र पारधी, सेवक संघ के सभी पदाधिकारियों, प्रधानाध्यापकों तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

बतादें कि सुरेश चोघला 1 अगस्त 1992 को अगाशी विरार अरनाला शिक्षा संस्थान स्कूल डॉक्टर दिनकर जगन्नाथ गलवंकर स्मारक विद्या मंदिर अरनाला में एक प्रयोगशाला परिचर के रूप में शामिल हुए। उन्हे प्रयोगशाला के कार्य के अलावा स्कूल के प्रधानाध्यापक और संस्थान प्रबंधन द्वारा विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं, जिसे उन्होंने अच्छी तरह से निभाया। स्कूल कार्यालय का काम, शुल्क माफी, परीक्षा विभाग, स्कूल की सजावट, कुछ त्यौहार जानकारी के अनुसार उन्होंने विद्यालय की बागवानी के लिए कई प्रकार के कार्य किये। उन्होंने विद्यालय में सागौन, आम, चीकू जैसे कई फलदार वृक्षों का रोपण कर उनका संरक्षण किया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पढ़ने के लिए पुस्तकें उपलब्ध कराना तथा त्यौहारों, उत्सवों, जयंती, पुण्य तिथियों की जानकारी कम्प्यूटर से विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने के साथ ही छात्रवृत्ति परीक्षा, टाइपिंग परीक्षा, कम्प्यूटर परीक्षा, रेलवे परीक्षा एवं 10वीं एवं 12वीं की कस्टडी संबंधी कार्यों को जिम्मेदारी लेकर उचित ढंग से किया। ऐसे गुणी सेवक को सम्मानित किये जाने पर उनकी प्रशंसा एवं गौरव समाज के सभी सदस्यों द्वारा की जा रही है।

## लोढ़ा फाउंडेशन के सौजन्य से निर्मित चौक का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा की संकल्पना के अनुरूप मुंबई महानगर की प्रमुख सामाजिक संस्था लोढ़ा फाउंडेशन के सौजन्य से मुंबई महानगर पालिका द्वारा नवनिर्मित पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का लोकार्पण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा किया गया।मुंबई के धर्मवीर स्वराज्य रक्षक छत्रपति संभाजी महाराज सागर तट मार्ग स्थित टाटा गार्डन के पास इस पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक का निर्माण किया गया है। कोस्टल रोड के पास भूला भाई देसाई रोड पर स्थित इस नवनिर्मित चौक के पास वहाँ के ट्रैफिक आइलैंड का सौंदर्यीकरण भी किया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित इस चौक के लोकार्पण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, मुंबई महानगर पालिका के आयुक्त भूषण गगरानी और लोढ़ा फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ मंजू लोढ़ा के अलावा पंडित उपाध्याय जी के परिवार से विनोद शुक्ला, अतुल जैन, जापान और श्रीलंका के वाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य अतिथियों ने मंच की शोभा बढ़ाई। इस चौक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की आकर्षक रेखाचित्र प्रतिमा लगाई गई है, जिसमें उनके जीवन की प्रमुख घटनाओं और योगदान की जानकारी दी गई है। लोढ़ा फाउंडेशन की अध्यक्षा डॉ मंजू लोढ़ा ने बताया कि यह चौक उस महानायक को समर्पित है, जिन्होंने दुनिया को एकात्म मानववाद का महत्त्वपूर्ण सिद्धांत दिया और अंत्योदय के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इस अवसर पर डॉ मंजू लोढ़ा ने निर्माण प्रक्रिया में शामिल विभिन्न श्रमिकों को उपयोगी कपड़े वितरित किये, जिन्हें पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे।

# सायबर अपराध से सुरक्षा हेतु बोईसर पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले ठगी अथवा अन्य अनैतिक कार्यों को साइबर क्राइम कहा जाता है। जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे साइबर क्राइम की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। सायबर क्राइम करने वाले अपराधी टेक्नोलॉजी का गलत उपयोग करते हुए लोगों को किसी न किसी बहाने अपने जाल में फंसाकर उन्हें ठगी का शिकार बनाते हैं। उक्त बातें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बोईसर पुलिस थाना प्रभारी शिरीष पवार ने पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत काटकर पाड़ा क्षेत्र के गणेशनगर स्वागत गली में स्थित अंबिका इंक्लेव बिल्डिंग के समक्ष ग्राउंड में आयोजित सायबर क्राइम से सुरक्षा हेतु जनजागरूकता अभियान के दौरान बोलते हुए कही।

बतादें कि पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटील व अपर पुलिस अधीक्षक विनायक नरले के मार्गदर्शन में बढ़ते सायबर क्राइम की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पूरे पालघर जिले में जनजागृकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उपविभागीय पुलिस अधिकारी बोईसर विकास नाईक के दिशानिर्देशन पुलिस अधिकारी जनता से सीधा संवाद कर रहे हैं। बोईसर पुलिस थाना प्रभारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार लोगों को सायबर क्राइम के प्रति सचेत करने हेतु जगह-जगह पर जनसभाएं आयोजित कर सीधा जन संवाद कर रहे हैं। बोईसर शहर अंतर्गत काटकर पाड़ा क्षेत्र के गणेशनगर स्वागत गली में स्थित अंबिका इंक्लेव बिल्डिंग के समक्ष ग्राउंड में आयोजित सायबर क्राइम से बचाव हेतु जनजागरूकता अभियान के दौरान वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार ने कहा कि सायबर अपराधी सोशल नेटवर्किंग साइट्स, ईमेल, व्हाटशॉप, नकली सॉफ्टवेयर, वेबसाइटों व अन्य चैट एप्लीकेशन के माध्यम से लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। सायबर अपराधी नई तकनीकों के द्वारा मोबाइल, कंप्यूटर व ऐप को हैक लेते हैं। इसके लिए लोगों सचेत रहना अतिआवश्यक है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपना पासवर्ड, सीसीवी, ओटीपी तथा अन्य जरूरी दस्तावेजों को शेयर न करें तथा अनजान व्यक्तियों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। क्यों कि सायबर अपराधी अश्लील वीडियो व फोटो भेज कर अथवा ऑनलाइन लाइव दिखाकर लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और अपराधी फेसबुक, इंस्ट्राग्राम इत्यादि साइटों पर वीडियो वायरल करने के नाम पर उन लोगों से असीमित पैसे की डिमांड करने लगते हैं। सायबर अपराधियों का मुख्य उद्देश्य लोगों से पैसा अपने अकाउंट में ट्रांसफर करना होता है। इससे बचने हेतु लोगों को सतर्क रहना होगा। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार ने कहा कि ज्यादा ब्याज के चक्कर में फर्जी तरीके चलाया जा रहे कंपनियों में पैसे जमा करने से बचें। ठगी के शिकार होने पर तुरंत सायबर हेल्फलाइन नं. 1930 और पोर्टल पर शिकायत दर्ज करायें। इस अवसर पर गणेश नगर वासियों की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता व सोसायटी प्रमुख मुकलेश गिरी तथा सहयोगियों ने लोगों को जागरूक करने हेतु वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिरीष पवार का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।

## जीवनधारा संघ व आस्था चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जोगेश्वरी में हल्दी कुमकुम का आयोजन




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जोगेश्वरी के शिवाजी नगर में जीवनधारा संघ व आस्था चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गत दिनों महिलाओं के लिए हल्दी कुम कुम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तकरीबन सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया ।इस मौके पर आस्था चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा मंजू गुप्ता ने महिलाओं के हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ) पाण्डेय ने सभी आई ही माताओं बहनों का आभार व्यक्त किया और कहा महिला सुरक्षा और महिलाओं की शिक्षा के लिए जीवनधारा संघ हमेशा खड़ी रहेगी। जनसेवा ही हमारा कर्तव्य है। इस अवसर पर शिवसेना शिंदे गुट की नेता मनीषा ताई वायकर,जीवनधारा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद (भाऊ)पाण्डेय व चांदीवली विधानसभा युवा सचिव भावेश चौहान,आस्था चेरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्षा मंजू गुप्ता व चंद्रकेश पाण्डेय और समाजसेविका मंजू सिंह,मनीषा गुप्ता, संध्या यादव, आशा ताई, करुणा डांगे, आरती यादव, विभा दुबे,नीलम दुबे, सरिता जायसवाल, सीमा पाण्डेय,शिल्पा पटेल व सोनी पटेल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्री अनिरुद्ध इंग्लिश हाईस्कूल द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के बोईसर शहर (प.) काटकर पाड़ा क्षेत्र अंतर्गत गणेश नगर, साईंलोक नगर स्थित श्री अनिरुद्ध इंग्लिश हाईस्कूल विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह उल्लास पूर्ण माहौल में विद्यार्थियों के मनमोहक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हो गया ।कार्यक्रम की शुरूआत मान्यवरों के हाथों दीप प्रज्वलन व सरस्वती पूजन के साथ की गई। सरस्वती वंदना के पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत शॉल व पुष्पगुच्छ से किया गया। इस मौके पर वर्ष भर में आयोजित विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिता व क्रीडा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम व मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किये गये। उक्त कार्यक्रम विद्यालय के संस्थापक अनिल चौधरी तथा संचालिका गीता चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बजरंग दल कोंकण प्रांत गौ रक्षा प्रमुख चंदन सिंह,विशेष अतिथि के रूप में बजरंग दल पालघर जिला संयोजक कुन्दन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार असाद बी शेख, अभियंता जयपाल शर्मा, नौसेना अधिकारी दीपक शर्मा , श्रीमतराजे प्रतिष्ठान पदाधिकारी व वरिष्ठ पत्रकार मंगेश नगरकर, अरुण उपाध्याय, अजीत सिंह, पालक सचिव विनय गुप्ता, राकेश वर्मा, मनोज मौर्या, छोटेलाल मौर्या, फूलचंद प्रजापति, रमेश कन्नौजिया, दीपक पाल, रमेश पाल, दुर्गा प्रताप चौहान,रूदल बिंद, राजेश सिंह, संदीप प्रजापति,अभिताभ कुशवाहा, मृत्युंजय शाह, अरविंद गौतम, कमलेश गुप्ता, दिनेश साहू, मुकेश यादव,सुधीर मेहता, संतोष दास, महेंद्र यादव, जितेन्द्र पासवान, धनंजय गुप्ता, धनंजय शर्मा, जयप्रकाश सिंह,सरवन ठाकुर, जुबैर खान, सामद अंसारी, रहमान शेख, आफताब अंसारी, डिंपल गुप्ता, अंजलि बार्गा, रीता प्रजापति, सुनीता सिंह,रुपा चौहान, संध्या चौहान,बिना सिंह, मनीषा कन्नौजिया, अर्चना सिंह, गायत्री वर्मा,रंजना देवी, सविता यादव, कुसुम यादव,लीली ठाकुर, पूनम यादव,सरोज देवी,शैनाज शेख, कंचन तिवारी समेत बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं में नेहा पांडेय, शिवानी भगत,दर्शना बासवत,नीलम यादव, आरती यादव,रेशमा राजवंशी, गायत्री महाजन, रितु पन्हाले,नेहा गिरी, सांभवी चौधरी, साक्षी चौधरी आदि का विशेष योगदान रहा। श्री अनिरुद्ध इंग्लिश हाईस्कूल विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौधरी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चंदन परिडा ने अंतर्राष्ट्रीय पुमसे पंच परीक्षा में सफलता हासिल की



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई के जयेश ताइक्वांडो अकादमी के खिलाड़ी चंदन परिडा ने अंतरराष्ट्रीय पूमसे परीक्षा में सफलता हासिल की है। चंदन पांच साल की उम्र से ताइक्वांडो में शामिल हैं और वह राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता भी हैं। पुणे के बालेवाड़ी विभाग में श्री छत्रपति शिवाजी महाराज क्रीड़ा संकुल में अंतर्राष्ट्रीय पुमसे पंच परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा 17 से 26 जनवरी 2025 तक आयोजित की गई। इस परीक्षा के लिए भारत के विभिन्न राज्यों से 45 कोच चुने गए, जिनमें से केवल 11 ही उत्तीर्ण हुए और महाराष्ट्र राज्य से केवल 3 कोच चुने गए। चंदन परिडा उनमें से एकमात्र कोच हैं जिन्होंने परीक्षा पास की है। इस पुमसे इंटरनेशनल पंच परीक्षा में भाग लेने वाले कोचों में चंदन सबसे कम उम्र के हैं और पूरे महाराष्ट्र में एकमात्र कोच हैं जिन्होंने कम उम्र में यह परीक्षा पास की है और अच्छा प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा के लिए चंदन परिडा ने मुख्य कोच जयेश वेल्हाल और सहयोगी कोच निशांत शिंदे का मार्गदर्शन लिया। यह महाराष्ट्र की एकमात्र अकादमी है जिसमें एक ही अकादमी में 3 अंतर्राष्ट्रीय अम्पायर हैं। जयेश ट्रेनिंग अकादमी के प्रमुख जयेश वेल्हाल ने चंदन परिडा की प्रशंसा की और भारत में छात्रों को यह अवसर प्रदान करने के लिए इंडिया ताइक्वांडो के अध्यक्ष नामदेव शिरगांवकर को धन्यवाद दिया। जयेश ट्रेनिंग ताइक्वांडो अकादमी के प्रमुख जयेश वेल्हाल ने कहा कि आने वाले दिनों में हम महाराष्ट्र और भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय पंच तैयार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करेंगे।

## कांग्रेस प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने मुलुंड पुलिस स्टेशन में दिया ज्ञापन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राकेश शंकर शेट्टी और मविआ के प्रमुख नेताओं ने मुलुंड पुलिस स्टेशन में मौजूद वरिष्ठ अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने YouTube शो "India's Got Latent" के मेहमान रणवीर अलाहाबादी और समय रैना के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते मामला दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की।

ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि दोनों मेहमानों ने शो के दौरान अभद्र और अश्लील भाषा का प्रयोग किया, जिससे समाज में गलत संदेश फैलने की आशंका पैदा हो रही है। कांग्रेस और मविआ नेताओं का मानना है कि इस शो का नकारात्मक प्रभाव बच्चों और युवाओं पर पड़ेगा, और उनके नैतिक मूल्यों में गिरावट आ सकती है।

कांग्रेस और मविआ नेताओं ने मांग की है कि रणवीर अलाहाबादी और समय रैना के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए और उनके YouTube चैनल को प्रतिबंधित किया जाए। इसके साथ ही, पुलिस प्रशासन से इस मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की अपील की गई है। नेताओं का कहना है कि इस प्रकार के शो समाज की संस्कृति और नैतिकता के खिलाफ हैं और इस पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# एक्सीलेंट क्लासेस के छात्रों ने इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** आज, महाराष्ट्र के मुंबई में स्थित एक्सीलेंट क्लासेस के छात्रों ने आवर्त सारणी के सभी 118 तत्वों को आगे और पीछे के क्रम में सुनाने का रिकॉर्ड बनाया है। कुल 40 छात्रों ने आवर्त सारणी के सभी तत्वों को सफलतापूर्वक क्रमिक रूप से सुनाया। कुर्ला पश्चिम में कोहिनूर सिटी क्लब हाउस में आयोजित इस उपलब्धि का उद्देश्य छात्रों के रासायनिक तत्वों और आवर्त सारणी पर उनकी व्यवस्था के ज्ञान और स्मृति का परीक्षण करना और उसे बढ़ाना था।

इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की निर्णायक सुश्री कश्मीरा मयंक शाह ने कहा, हम छात्रों की उपलब्धि से प्रभावित हैं। एक्सेलेंट क्लासेस ने छात्रों की स्मरण शक्ति को सुधारने/प्रशिक्षित करने के लिए एक बेहतरीन पहल की है और इस मिथक को तोड़ा है कि अच्छी याददाश्त एक ऐसा कौशल है जो बच्चों में जन्मजात होता है और याददाश्त एक ऐसा कौशल है जिसे हर कोई सीख सकता है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए छात्रों को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स होल्डर और माइंड गुरु सुरेश शर्मा द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। जो एक्सेलेंट एजुकेशनल ट्रस्ट के सदस्य भी हैं। एक्सेलेंट क्लासेस के निदेशक डॉ. जमील अहमद खान ने कहा, स्मृति गुरु सुरेश शर्मा हमारे छात्रों के लिए एक अमूल्य गुरु रहे हैं और हम उनकी विशेषज्ञता और मार्गदर्शन के लिए आभारी हैं।

डॉ. खान ने आगे कहा, हमारा मानना है कि प्रत्येक छात्र को स्मृति वृद्धि की कला में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए, क्योंकि यह अध्ययन को सरल और उपयोगी बनाता है। स्मृति एक छात्र की पूरी क्षमता को अनलॉक करने की कुंजी है और हम अपनी स्मृति वृद्धि सेवाओं के माध्यम से स्कूलों और छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। डॉ. खान ने कहा, हम स्कूलों और छात्रों के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करने के लिए उत्साहित हैं, और हम उन्हें अपने लक्ष्य हासिल करने में मदद करने के लिए तत्पर हैं। इस कार्यक्रम में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के एक प्रतिनिधि ने भाग लिया, जिन्होंने रिकॉर्ड को सत्यापित किया और संस्थान को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

एक्सीलेंट क्लासेस ठएएळ की तैयारी के लिए एक अग्रणी संस्थान है, जो छात्रों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए व्यापक शिक्षा और सहायता प्रदान करता है।

अपने अनुभवी संकाय, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे और नवीन शिक्षण विधियों के साथ, संस्थान छात्रों को उनके शैक्षणिक लक्ष्यों में सफल होने में मदद करने के लिए समर्पित है। एक्सेलेंट क्लासेस से संबद्ध एक्सीलेंट एजुकेशन ट्रस्ट, छात्रों को उनकी याददाश्त, एकाग्रता और अवधारण कौशल में सुधार करने में मदद करने के उद्देश्य से स्कूलों को मेमोरी एन्हांसमेंट सेवाएँ प्रदान करता है।

## भारतीय अमृत महोत्सव पुरस्कार 2025 समारोह संपन्न

**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** भारत जैसे विविधतापूर्ण और जीवंत देश में ऐसे अनगिनत व्यक्ति हैं जो अपने जीवन में विविधता लाने के लिए पर्याप्त प्रयास करते हैं। मत से लेकर कलाकार तक, ये व्यक्ति हमारे समाज के वर्ग को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके सराहनीय योगदान को स्वीकार करते हुए, भारतीय अमृत महोत्सव पुरस्कार 2025 का आयोजन अंधेरी वेस्ट, मुंबई में कार्यक्रम के आयोजक गणेश साहू और शीबा शेख के नेतृत्व में शीबा मीडिया वर्कशॉप द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में जीवन की स्वतंत्रता का जश्न मनाना और संयुक्त राष्ट्र के लोगों का सम्मान करना है, जो कि निस्वार्थ भाव से अपने समुदाय की सेवा की है। इस पुरस्कार समारोह में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतीकों की अटूट भावना और दान का प्रमाण, समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संपादक दिलशाद एस. खान तथा विशेष अतिथि के रूप में विधायक हारून खान, एंड्रिस डू प्रीज इन (इंटरनेशनल शो डायरेक्टर), सिंडी नाओमी कीट फाउंडर एम डबल्यू आई इंटरनेशनल, सोंजा एडोनिस 35 ब्यूटी क्वीन, अंतर्राष्ट्रीय अतिथि बी.एन. तिवारी-राष्ट्रपति एफडब्ल्यूआईसीई, विजय शाह बीजेपी वसोर्वा विधानसभा, साजिद पटेल, भीमराज जहांगीर, अजाज खान (अभिनेता, निर्देशक), अरविंद कुमार वाघेला (सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (सुपरस्टार राजस्थान फिल्म उद्योग), सौरभ शर्मा (एमडी-सौरभ एंटरटेनमेंट), पल्लवी शर्मा (सीईओ-सौरभ एंटरटेनमेंट), हाजी सैफ शेख (वीपी - एमएनएस लीगल प्रोड्यूसर), राजेंद्रसिंह राठौड़ (फिल्म निमार्ता - राजभा फिल्म्स), वकार शेख - (जी-5 मूवी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार विजेता) साइलेंस-2), सुनील पाल (कॉमेडियन और अभिनेता) ईशान मसीह अभिनेता, डांसर (प्रसिद्धि-बिग बॉस), जैनब पात्रा (अभिनेत्री प्रभावशाली), जानेमन (रैपर/गीत लेखक), जीतू गुप्ता (प्रसिद्धि-भाभी जी घर पे हैं), अरमान अहमद (पार्श्व सूफी गायक), क्वीन बरखा आहूजा (बहुमुखी अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय गायिका और रैपर), नवाज साजिद पटेल (प्रभावशाली और यूट्यूबर), शैहनाज अहमद अली खान (सामाजिक कार्य, शैहनाज प्लांट नर्सरी के मालिक), गजानन प्रभाकर चारी (पुलिस हेड कांस्टेबल पर्यटक पुलिस इकाइयां गोवा पुलिस),पूजा पांडे (अभिनेत्री और मॉडल), राजा अली अभिनेता प्रीति सिंह (बॉलीवुड अभिनेत्री), रजनी मेहता (बॉलीवुड अभिनेत्री), रमेश गुजराल (पैरा/ब्लैक कैट कमांडो और अभिनेता) आदि ने न केवल अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि सकारात्मक बदलाव लाए हैं और अभिनेताओं को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने के लिए अपने मंच का उपयोग किया है। भारतीय अमृत महाउत्सव पुरस्कार 2025 में सिमरन आहूजा (सेलिब्रिटी एंकर, मिस इंडिया, अभिनेत्री, टीवी टॉक शो होस्ट, ग्लोबल एम्सी, लोक नृत्य की रानी ) ने चार चांद लगाया।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# अयोध्या जा रही मिनी बस ट्रेलर से टकराई, दो की मौत, दस श्रद्धालु घायल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। बक्शा थाना क्षेत्र के वाराणसी सुल्तानपुर हाइवे पर चकमिजापुर गांव के पास गुरुवार को तड़के दो बजे प्रयागराज से अयोध्या धाम जा रही मिनी बस सामने से जा रहे ट्रेलर के पीछे से जा भिड़ी जिससे मौके पर बस चालक सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि दस श्रद्धालु घायल हो गए। बस में सवार सभी श्रद्धालु फिरोजपुर पंजाब के निवासी है। दुर्घटना होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना पर बक्शा थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह हमराही सिपाहियों के साथ मौके पर पहुँच उच्चाधिकारियों को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पहुँचे लाइन बाजार इंस्पेक्टर ने भी मौके पर पहुँच बुरी तरह फसें घायलों को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेज जेसीबी बुलाकर आवागमन को सुचारु रूप से चालू करवाया।

थानाध्यक्ष प्रदीप ने बताया कि करीब 24 सीटर वाली मिनी बस से श्रद्धालु वाराणसी से अयोध्या धाम दर्शन को जा रहे थे। घटना स्थल के समीप बस का चालक पहुँचा ही था तभी सामने से जा रहे ट्रेलर को ओवरटेक करने के प्रयास में पीछे से जा टकराई। टक्कर इतना भीषण था कि करीब 37 वर्षीय चालक तर्कशील सिंह बुरी तरह फंस गया। दुर्घटना में जब तक पुलिस पहुँच घायलों को बस से नीचे उतारती चालक तर्कशील व बस में सवार 70 वर्षीय हर्दयाल चंद निवासी हरजिलका जनपद फिरोजपुर पंजाब की मौत हो चुकी थी। बस में सवार घायल मधु पत्नी वेदप्रकाश निवासी गोवाल रोड जठिया मोहल्ला थाना फजीलका जनपद फिरोजपुर, कमलेश निवासी बादल कालोनी थाना फाजीलका, सुंतरा देवी व कनिल निवासी जोधपुर कालोनी मुक्तसर, फजीलका पंजाब, राजकुमार डिंडा कालोनी थाना फजीलका, वीरपाल निवासी तिलकनगर गरजी मुक्तसर श्रेधाना, कोमल निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका, सुनीता रानी व कमलेश रानी निवासी तिलकनगर जिला मुक्तसर पंजाब, एवं राजकुमार निवासी बादल कालोनी थाना फजीलका गम्भीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# काशिफ सिद्दीकी ने हासिल की मेडिकल लैब में मास्टर की डिग्री

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

मानीकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड सोंधी शाहगंज क्षेत्र कस्बा मानीकलां निवासी काशिफ सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद याहिया

**जनपद जौनपुर के गांव मानीकलां का नाम किया रोशन**

ने परिजनो का नाम किया रोशन। जब से मेडिकल लैब में मास्टर की डिग्री हासिल हुई है। तब से कस्बा वासी दोस्त, रिश्तेदार का बधाई देने का सिलसिले जारी है। काशिफ सिद्दीकी जनपद जौनपुर के सबसे बड़ी आबादी वाला गांव कस्बा मानीकलां के मूल निवासी है।



इनकी प्राथमिक शिक्षा वह हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की शिक्षा सेंजॉन्स स्कूल सिद्दीकपुर जौनपुर से हुई थी। इसके बाद इनका एडमिशन एमिटी यूनिवर्सिटी हरियाणा में हुआ

**पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। मंजिल उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है। हौसले के दम पर ही सफलता हासिल की जा सकती है जब आपके पास शिक्षा होगी तो दुनियां आपके कदम चूमेगी।**

वहां से बीएससी एमएलटी में स्नातक की पढ़ाई की लेकिन काशिफ के दिमाग में था कि मैं मेडिकल लैब में मास्टर की डिग्री हासिल करूं इसके बाद इनका एडमिशन एमएससी एमएलटी बायोकेमिस्ट्री मास्टर्स में हुआ और काशिफ अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। मानीकलां से निकल कर हरियाणा तक सफर किया। शिक्षा का कोई अंत नहीं होता है,सिर्फ आपके अंदर प्रतिभा होनी चाहिए क्या गांव क्या शहर बस हौसले बुलंद होना चाहिए।इसी कड़ी में एक नाम आता है काशिफ सिद्दीकी का जब उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक मानीकला के संवाददाता आफताब आलम ने दूर संचार पर परिजनों से बात किया तो परिजनों का कहना था कि काशिफ अपने बुलंद इरादों से आज बुलंदी पर पहुंच गए है।काशिफ शुरू से ही पढ़ने में बहुत होशियार था। काशिफ के पिता के मन में अपने बच्चों को पढ़ने की एक लगन थी हमेशा बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित करते रहते थे।

# डीएम ने किया कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का औचक निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय में भ्रमण पंजिका तथा उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने खंड विकास अधिकारी से फैमिली आईडी के सन्दर्भ में जानकारी ली।साथ ही आवास सर्वे, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि कार्य की प्रगति को बढ़ाते हुए ससमय कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकास खण्ड परिसर में क्षेत्र पंचायत मद से निमार्णाधीन मीटिंग हॉल की प्रगति देखी और निर्देश दिया गया कि निमार्णाधीन कक्ष को जल्द से जल्द पूर्ण कराये एवं अवर अभियन्ता (लघु सिचाई) को निर्देशित किया गया कि क्षेत्र पंचायत से कराये जा रहे मीटिंग हॉल की पत्रावली उपलब्ध कराये। उन्होंने निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकता वालों कार्यों को प्राथमिता के आधार पर पूर्ण कराये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों की विस्तृत समीक्षा की। मनरेगा के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों में किये जा रहे कार्यो की समीक्षा करते



हुए निर्देशित किया कि कार्यों को मानक के अनुरुप कराये जाये और कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वित्तीय भुगतानों में नियमानुसार कार्य करते हुए कार्य सम्पादित कराये। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालय हेतु सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को निर्देशित किया गया कि जो भी व्यक्तिगत शौचालय के निर्माण कराये जा रहे है, उक्त शौचालयों पर शौचालय का लोगो बनवाते हुए लाभार्थी के साथ निर्मित शौचालय का फोटोग्राफ जियोटैग अवश्य करायें। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि स्थापन पटल सहायक व आई०जी०आर०एस० पटल सहायक द्वारा सभी कर्मचारियों की सर्विस बुक व जी०पी०एफ० पासबुक पूर्ण की गयी है व रख रखाव सही स्थिती में है, आई०जी०आर०एस० से प्राप्त शिकायती पत्रो का निस्तारण गुणवत्तपूर्ण ढंग से किया जा रहा है और आई०जी०आर०एस० प्रभारी द्वारा प्राप्त शिकायती पत्र पर भी शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अस्मिता सेन, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, अवर अभियन्ता लघु सिचाई,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) व कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# कुंभ स्नान कर लौटते समय मिजार्मुराद में अनियंत्रित क्रूजर ट्रक से टकराई, महिला सहित 9 घायल

**डॉ.एस.के.मिश्र**

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के मिजार्मुराद क्षेत्र के भीखीपुर गांव के नेशनल हाइवे पर एक पेट्रोलपम्प के समीप बुद्धवार को प्रयागराज से वाराणसी की तरफ काशी दर्शन के लिए जा रही एक क्रूजर जीप अनियंत्रित हो चलती ट्रक में पीछे से जा भिड़ी जिसमें महिला सहित 9 लोग गंभीर रूप से घायल



हो गए। जानकारी के अनुसार लातूर महाराष्ट्र से लगभग दर्जन भर दर्शनार्थी प्रयागराज में महाकुंभ स्नान कर वाराणसी काशी विश्वनाथ दर्शन करने जा रहे थे की भीखीपुर ( मिजार्मुराद ) गांव के समीप नेशनल हाइवे पर एक चलती ट्रक में पीछे से क्रूजर कार जा भिड़ी। जिसमें दत्ता प्रस्वामी उम्र 55, जीवन मैन चट्टे 54 वर्ष, शिव कांता उम्र 40 वर्ष, भारतीय गोखले उम्र 45 वर्ष, लक्ष्मी मड़पती 42 वर्ष, शशिकला उम्र 44 वर्ष, शकुंतला उम्र 46 वर्ष, कुसुम पुदाले उम्र 60 वर्ष, संजीता उम्र 52 वर्ष सभी निवासी लातूर ( महाराष्ट्र ) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सूचना पर पहुंची मिजार्मुराद पुलिस ने एंबुलेंस के सहायता से सभी गंभीर रूप से घायलों को ट्रामा सेंटर भेज दिया।

# शब-ए-बरात को लेकर थाना तिवारीपुर में बैठक में शांति बनाए रखने की अपील

- शब-ए-बरात को भाईचारा व सौहार्दपूर्ण वातावरण मनायें: पंकज गुप्ता
- शब-ए-बरात इबादत और अमनों अमान का त्योहार: डा. अजीज अहमद

**मुतुर्जा रहमानी की रिपोर्ट**

गोरखपुर(उत्तरशक्ति)। शब-ए-बरात को लेकर थाना तिवारीपुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में थाना प्रभारी पंकज गुप्ता ने थाना तिवारीपुर के समस्त नागरिकों से शब-ए-बरात को शांतिपूर्वक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण मनाने की अपील की, उन्होंने सभी से आपसी सहयोग बनाए रखने का अनुरोध किया। जिसे त्योहार बिना किसी व्यवधान के संपन्न हो सके। उन्होंने स्थानीय लोगों से पुलिस का सहयोग करने और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों एवं थाने पर देने की अपील की। थाना प्रभारी ने उपस्थित समाजसेवियों, प्रतिनिधियों एवं शांति समिति के सदस्यों से आपसी भाईचारा व समन्वय बनाये रखने पर विशेष रूप से बल दिया। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सक डा. अजीज अहमद ने कहा कि शब-ए-बरात इबादत और अमनों अमान की दुआ के साथ ही



एकता और भाईचारे का त्योहार है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म और मजहब एक साथ रहने की सीख देते हैं। ऐसे में सभी को एक दूसरे का साथ देना चाहिए।बैठक का संचालन वरिष्ठ पत्रकार मुर्तजा हुसैन रहमानी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसएसआई संतोष सिंह, घासीकटरा चौकी प्रभारी दीनानाथ पाण्डेय, एसआई अखिलेश त्रिपाठी, जाफरा बाजार चौकी प्रभारी राजेश पाण्डेय, एसआई हैदर अली खां, एसआई प्रियंका मौर्य, एसआई अनीषा गौतम, एसआई सोनाली वर्मा, एसआई प्रगति यादव के अलावा वरिष्ठ पत्रकार मंसूर खान, वरिष्ठ समाजसेवी आदिल अमीन, पार्षद शिवेंद्र मिश्रा, पार्षद पं. अभिषेक शर्मा, पार्षद जुबेर अहमद, सैयद इरशाद अहमद, समीउल्लाह, शकील शाही, डा. सरवर हुसैन, सलीमुल्लाह, राजू मुतवल्ली, हाफिज रियाज अहमद, मोहम्मद नासिर, सनव्वर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**, बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। ग्राम न्यायालय पर गुरुवार को अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं का आरोप है कि बिना पैसे के कोई कार्य नहीं होता।जिससे




न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।उन्होंने इस मामले की जांच कराने की मांग की है।वहीं इस मामले में न्यायालय प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अपना आंदोलन तेज करेंगे।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम जनपद जौनपुर के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमित तिवारी**, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। टीचर्स सेल्फ केयर टीम उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद के निर्देश पर आज 12 फरवरी 2025 को ग्राम सुरिस के दिवंगत शिक्षक स्वर्गीय संजय कुमार कार्यरत प्राथमिक विद्यालय पटखौली पूरे आजम ब्लॉक शाहगंज का जिला टीम जिला टीम जनपद जौनपुर द्वारा आज स्थलीय निरीक्षण किया गया।दिवंगत शिक्षक के



परिवार का टीम द्वारा सहयोग कराया जाएगा। विदित हो कि टीम दिवंगत शिक्षक परिवारों का 50 लाख से ऊपर का सहयोग कराती है।स्थलीय निरीक्षण में आज जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव,जिला सहसंयोजक राधेश्याम,उमेश राव ,अनिल गौतम, संजय गोयल, ब्लॉक शाहगंज के राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अखिलेश चंद्र मिश्र, अनिल चौधरी, विवेक राज, संजय कुमार एवं उनके परिजन मौजूद रहे।

# काशी तमिल संगमम 3.0 में प्रतिभाग करने तमिलनाडु से छः ग्रुपों में लोग पहुँचेगे काशी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)।जनपद के जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में काशी तमिल संगमम 3.0 प्रोग्राम के संबंध में स्थानीय तमिल निवासियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी से कार्यक्रम की शुरूआत होगी और इसका मुख्य आयोजन नमो घाट पर होगा। उन्होंने लोगो से कहा कि आप सभी उत्तर और दक्षिण के लोगों के सांस्कृतिक व धार्मिक संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए एक पुल का काम करेंगे। उन्होंने सभी को एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ जुड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण से आने वाले लोगों को भी यह पता चले कि वाराणसी में कितने दिनों से लोग रह रहें हैं इसलिए आप लोगों की सहभागिता बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आईआईटी बीएचयू और आईआईटी मद्रास के छात्र भी भाग लेंगे। कहा कि इस बार के काशी तमिल संगमम में एकेडमिक सेशन पर जोर दिया जा रहा है।बताया कि नार्थ साउथ की विभिन्न कलाकृतियों और सांस्कृतिक विषय वस्तुओं से जुड़ी स्टॉल भी लगाई जाएगी। उन्होंने बाहर से आने वाले लोगों को यहाँ के प्रमुख स्थलों, धार्मिक स्थलों जैसे श्रृंगेरी मठ, काँची मठ, जंगमबाड़ी मठ, कुमारस्वामी मठ, तैलंग स्वामी मंदिर, केदारेश्वर मंदिर, अगस्तेश्वर मंदिर, अन्नपूर्णा मन्दिर और कौड़िया माता मंदिरो का नाम अवश्य बताए। कहा कि तमिलनाडु की हर प्रकार की कलाओं का प्रतिदिन प्रदर्शन होगा। अगर आप में से किसी को परफार्मेंस करना हो तो उसकी लिस्ट अवश्य दे दें, ताकि उन लोगों को कार्यक्रम सहभागिता हो सके। उन्होंने सभी स्थानीय तमिल निवासियों को कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया और कहा कि कार्यक्रम में प्रतिभाग अवश्य करें। इसी क्रम में काशी तमिल संगमम 3.0 कार्यक्रम के

**जिलाधिकारी ने स्थानीय तमिल निवासियों के साथ की बैठक**

व्यापक प्रचार प्रसार के लिए व्यापार मंडल, पर्यटन, अधिवक्ता, कलाकारों, सीए, होटल इत्यादि एसोसिएशनों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा और तैयारियों की जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों से अधिक संख्या मे सहभागिता सुनिश्चित कराने का अनुरोध किया और कहा कि आप सभी का सहयोग अपेक्षित रहेगा। बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने तमिलनाडु से छः ग्रुपों में लोग काशी पहुँचेगे। बैठक में आए पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम के संबंध मे कुछ सुझाव भी दिए गए जिस पर उन्होंने अमल करने का भरोसा दिया। बैठक के अंत मे सीडीओ हिमांशु नागपाल द्वारा काशी सांसद गाइड प्रतियोगिता के बारे मे जानकारी दी और बताया कि यह प्रतियोगिता 20 से 28 फरवरी के मध्य आयोजित किया जाएगा। आप सभी इसमें हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। बैठक में एडीएम सिटी आलोक कुमार वर्मा, डीडी पर्यटन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कटिबद्ध: रमेश मिश्रा

## हमारे आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

महराजगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। स्थानीय ब्लॉक में वृहस्पतिवार को आयोजित ह्यहमारा आंगन, हमारे बच्चे उत्सवह्व कार्यक्रम के शुभारंभ के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्रा ने किया इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन से छह वर्ष के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने के लिए सभी जिम्मेदारों को अपनी सक्रिय भूमिका निभानी होगी।बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है।इस दौरान




कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इंग्लिश मीडियम पूर्व माध्यमिक विद्यालय महराजगंज के अध्यापक ओमप्रकाश यादव व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डन पूनम अग्रहरि द्वारा साज सज्जा में तैयार किया।उन छात्राओं ने स्वागत गीत सरस्वती वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पटेल ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत परिषदीय स्कूलों में बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास विभाग की ओर से नौनिहालों को शिक्षा से जोड़ने की पहल की जाएगी। अभिभावकों को पूर्व प्राथमिक एवं बुनियादी शिक्षा में उनकी एवं घर की भूमिका से अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उमानाथ यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, यादवेंद्र प्रताप लवकुश, एडीओ पंचायत केके पांडेय, उत्कृष्ट प्रधानध्यापक केशव सिंह ने बच्चों को सम्बोधित किया। इस दौरान चंद्रप्रकाश मिश्रा, राजेश उपाध्याय, रामपाल पाल, राजेंद्र यादव, उमेन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिमा सिंह, वार्डन पूनम अग्रहरि, एआरपी सत्यनारायण, संदीप, राजेश वर्मा रहे।

# कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवराई का जिलाधिकारी ने किया आकस्मिक निरीक्षण

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय देवराई




का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से कठिन शब्द लिखवाया। उन्होंने 16 बच्चों को एलबेंडाजोल की गोली खिलाई। जनपद स्तर पर आयोजित श्रुतलेख प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा कुमारी साक्षी गौतम को शाल, बुके और 501 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया।जिलाधिकारी ने एमडीएम के तहत दिए जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि बच्चों को नियमित रुप से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी अध्यापकों को निर्देशित किया कि विद्यालय में समय से उपस्थित होकर बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद करते हुए उनमें बिस्कुट भी वितरित किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी केराकत सुनील कुमार,तहसीलदार, प्रधानाध्यापक विकास सिंह, सहायक अध्यापक कमलेश कुमार पटेल, सहायक अध्यापिका मनोरमा शैलेंद्र पटेल, प्रशस्ति सिंह, सुनीता, चंदा, अनुदेशक ध्रुव कुमार, सतीश कुमार, पुष्पा, शिक्षामित्र विनय, राम जी, दिनेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जौनपुर की बेटी अतुल्या ने जेईई मेंस में प्राप्त किए 99.5% अंक

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के आलमगंज के निवासी एवं श्री नेहरू आदर्श इंटर कॉलेज के प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप सिंह की पुत्री गुंजन की पुत्री अतुल्या सिंह ने जेईई मेंस की परीक्षा में 99.5% अंक प्राप्त किया है। श्री नेहरू आदर्श इंटर कॉलेज आलमगंज के प्रबंधक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मेरी पुत्री गुंजन सिंह की शादी सुल्तानपुर जिले के उतुरी गांव निवासी सर्वेंद्र सिंह के साथ हुई है। उन्होंने कहा कि गुंजन सिंह की पुत्री अतुल्या सिंह ने इस वर्ष की जेईई मेंस की परीक्षा में 99.5% अंक प्राप्त किया है। जौनपुर जिले की नातिन अतुल्या ने सुल्तानपुर जिले के साथ ही अपने नाना के जिले जौनपुर का भी नाम रोशन किया है। उसकी सफलता पर शुभचिंतकों ने बधाई दी है।



# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। रामपुर थाना क्षेत्र के सेमुही मार्ग पर ब्रह्म बाबा के पास भीषण टक्कर हो जाने से एक अधेड़ समेत तीन लोग घायल हो गए। जबकि दूसरे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक अधेड़ की दर्दनाक मौत होना बताया जबकि दो अन्य की हालत गंभीर देखते हुए उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। रामपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के 60 वर्षीय नागेंद्र तिवारी अपनी बाइक से रामपुर बाजार किसी कार्य से गुरुवार की अपराह्न 2:00 बजे जा रहे थे जैसे ही सेमुही रोड ब्रह्मबाबा के पास पहुंचे सामने से नेवादा के तिवरान गांव निवासी सभाजीत पुत्र राजनाथ तिवारी एक अन्य को बाइक पर बैठाकर सेमुही बाजार की तरफ जा रहे थे और अनियंत्रित होकर नागेंद्र तिवारी की बाइक से टकरा गए जिससे मौके पर ही नागेंद्र तिवारी की दर्दनाक मौत हो गई। और दूसरे बाइक पर सवार लोग भी गंभीर घायल होकर सड़क पर पड़े थे। आसपास के लोगों ने पहुंच कर सूचना रामपुर थानाध्यक्ष श्री प्रकाश शुक्ला को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुर पहुंचाया जहां पर चिकित्साधिकारी रामपुर प्रभात यादव ने नागेंद्र तिवारी का मौत होना बताया जबकि दूसरे बाईक पर सवार सभाजीत समेत एक अन्य को मामूली उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। उधर नागेंद्र तिवारी के परिजनों ने नागेंद्र की मौत नहीं होने की बात कहकर उन्हें भदोही जनपद दूसरे डॉक्टर को दिखाने की बात कह कर लेकर चले गए जहां से परिजन डॉक्टर से संतुष्ट होकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुर थाने लेकर आ रहे हैं।

# संस्कार भारती जौनपुर द्वारा भारतीय नाट्यशास्त्र के प्रणेताआचार्य भरत मुनि की मनाई गई जयंती

**अभिताश गुप्ता**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद की सांस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था संस्कार भारती जौनपुर द्वारा दिनांक 12 फरवरी माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय नाट्यशास्त्र के रचयिता आचार्य भरत मुनि जी की जयंती नवदुर्गा शिव मंदिर के प्रांगण में मनाई गई। इस कार्यक्रम में




भरत मुनि जी को सभी ने पुष्पांजलि अर्पित किया तथा नाटक शास्त्र में उनके द्वारा किए गए कार्यों पर चर्चा की गई ।हम अपने जीवन में उनके नाट्यशास्त्र से किस तरह से प्रभावित होते हैं यह बताया गया। कार्यक्रम में काशी प्रांत के महामंत्री से सुजीत श्रीवास्तव जी ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनके द्वारा भारतीय नाट्यशास्त्र में किए गए अमूल्य योगदान को बताया। भरत मुनि द्वारा संस्कृत भाषा में लिखित नाट्यशास्त्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है।यह कार्यक्रम संस्कार भारती के प्रमुख छह उत्सवों में से एक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष डॉ.ज्योति दास जी ने किया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि आचार्य भरत मुनि के नाट्य शास्त्र को पंचम वेद की संज्ञा दी गई है। नाट्य शास्त्र में भाव व रस का विशेष महत्व है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालकृष्ण साहू, राजेश किशोर, सुषमा गुप्ता, विष्णु गौड़, आलोक रंजन, अतुल सिंह, मनीष अस्थाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन संस्कार भारती के नाट्य विधा, प्रमुख अवधेश श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी का आभार और धन्यवाद महामंत्री अमित गुप्ता अंशु ने किया।

# नयनसंड में आभूषण की दुकान से 6 लाख रुपए मूल्य के जेवरों से भरा बक्सा लेकर उचक्के फरार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के कालीनगर नयनसंड में मंगलवार दोपहर एक आभूषण की दुकान में दिनदहाड़े चोरी की बड़ी वारदात सामने आई। दो अज्ञात बदमाश दुकान से छह लाख रुपये के सोने के गहनों से भरा बॉक्स लेकर फरार हो गए। पुलिस ने दुकानदार लालजी सेठ की तहरीर पर दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे बाइक पर सवार दो युवक लालजी सेठ की आभूषण की दुकान पर पहुंचे। उन्होंने कान के सोने के गहने खरीदने की बात कही। लालजी सेठ ने गहनों से भरा बॉक्स दिखाया। इसी दौरान दोनों युवक मौका देखकर बॉक्स लेकर फरार हो गए और सेवईनाला की ओर भाग निकले। घटना की सूचना पर गौराबादशाहपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दुकानदार लालजी सेठ की शिकायत पर बुधवार सुबह दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सीओ केराकत अजीत कुमार रजक के नेतृत्व में तीन संदिग्ध युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ केराकत अजीत कुमार रजक ने बताया कि दुकान और आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। हिरासत में लिए गए तीन युवकों से घटना के संबंध में गहराई से पूछताछ जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी गए गहनों को बरामद कर लिया जाएगा।

